BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 08 मई , 2026 CRACKDOWN BULANDSHAHR थाना सिकन्द्राबाद

फायरिंग की घटना में वांछित बदमाशों के साथ थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 02 बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध पिस्टल, अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद।

जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 07/08.05.2026 की रात्रि को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस व स्वाट टीम गुलावठी अण्डरपास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी एक संदिग्ध मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिनको रूकने का इशारा किया गया, नही रुके तथा बदमाश पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल को तेजी से मोड़कर भराना रोड की तरफ भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया तो कुछ दूरी पर अपने आपको पुलिस से घिरता देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में 02 बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गये जिनको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाशों की पहचान 01.यश पुत्र देवेन्द्र उर्फ हरेन्द्र पिन्टू निवासी जोखाबाद थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर 02.गगन पुत्र सतवीर निवासी फरीदपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध पिस्टल, अवैध तमंचा, कारतूस व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाशों द्वारा दिनांक 06.05.2026 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत कैप्टन हॉटल के पास अपने साथियों पर फायरिंग करने की घटना कारित की गई थी। इस सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर दिनांक 07.05.2026 को मु0अ0सं0-414/26 धारा 109(1), 3(5), 61(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

01. यश पुत्र देवेन्द्र उर्फ हरेन्द्र पिन्टू निवासी जोखाबाद थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर
02. गगन पुत्र सतवीर निवासी फरीदपुर थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर ।

बरामदगी-

1- 01 पिस्टल (घटना में प्रयुक्त) मय 02 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस।

2- 01 अवैध तमंचा मय 01 खोखा कारतूस व 01 जिंदा कारतूस।

2- 01 TVS राइडर बाइक (बिना नम्बर प्लेट)

गिरफ्तार अभियुक्तों यश व गगन का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 414/26 धारा 109(1), 3(5), 61(2) बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली थाना सिकन्द्राबाद पुलिस टीम-

1. श्री शैलन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 आकाश सोलंकी
3. का0 अमित, का0 नरसी, का0 सुरेन्द्र, का0 नितेश कुमार, का0 कान्ता प्रसाद।

स्वाट टीम

1- संदीप कुमार, प्रभारी स्वाट टीम

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव,है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा,का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर,का0 अमित कुमार, है0का0 जेल सिंह।

मीडिया सेल बुलन्दशहर